कार्यालय प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केन्द्रीय),लखनऊ
तीसरा तल,आडिट भवन, टी सी-35-वी/1,विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010.

पत्रांक: प्र.नि.ले.प.(के.)/प्रशा. / 01/55 दिनांक:25.08.2022

कार्यालय आदेश

मुख्यालय द्वारा ऑडिट दिवस (16 नवंबर 2022) के उपलक्ष्य पर निम्न विषयों पर निःशुल्क ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है:-

1. **सी ए जी : भारत को पंचामृत प्राप्त करने में मदद करना - जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पाँच अमृत तत्व**
2. **सी ए जी : संविधान के दृष्टिकोण को साकार करते हुए, आजादी का अमृत महोत्सव**
3. **2047 में सी ए जी : कल्पना कीजिए कि आप वर्ष 2047 में भारत के सी ए जी हैं। संस्था के लिए आपकी क्या रणनीति होगी ?**

प्रतिभागी की आयु 15.08.2022 को 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए एवं भारत मे किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान में अध्ययन के पाठ्यक्रम में वर्तमान में नामांकित होना चाहिए। प्रतिभागी उपरोक्त विषयों में किसी एक विषय पर हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में निबंध लिख सकते हैं।

प्रतियोगिता के विजेताओं को निम्नानुसार नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा:

प्रथम पुरस्कार : रू.30,000/-
द्वितीय पुरस्कार : रू. 20,000/-
तृतीय पुरस्कार : रू.15,000/-

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के कर्मचारी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे। प्रतियोगिता के बारे विस्तृत जानकारी इस आदेश के साथ ही संलग्न है, साथ ही www.cag.gov.in व mygov.in पर भी उपलब्ध है ।

कार्यालय के समस्त अधिकारियों /कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने आश्रितों व संपर्क में अन्य अर्ह प्रतिभागियों को इस निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करें।

निदेशक /प्रशासन

पत्रांक:प्र.नि.ले.प.(के.)/प्रशा./01 /436-440 दिनांक: .08.2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय), लखनऊ।
2. निदेशक प्रकोष्ठ।
3. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशासन (समस्त शाखा कार्यालय)
4. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सामान्य प्रशासन/ नियंत्रण/जी.एस.टी./पी.सी./प्रतिवेदन/सम्पादन
5. सूचना पट्ट

25/8/22

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / प्रशासन